प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय में कोरोना योद्धा सम्मानित

पंतनगर। 11 जुलाई 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय के गांधी हॉल में कल देर सायं तक आयोजित समारोह में विश्वविद्यालय में मार्च के अतिंम सप्ताह से चल रहे 12 क्वारंटीन केन्द्रों में कार्यरत 48 सफाई कर्मियों को कुलपति जी द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी 48 सफाई कर्मियों को राशन किट एवं इम्यूनिटी बूस्टर दवा भी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में सफाई कर्मियों के साथ सभी क्वारंटीन केन्द्रों में तैनात प्रभारी एवं सह प्रभारियों को भी प्रशस्ति-पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति पंतनगर विश्वद्यालय, डा. तेज प्रताप, द्वारा की गई।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से श्री एस.एस. बिष्ट, पूर्व सह नोडल अधिकारी, क्वारंटीन केन्द्र पंतनगर; अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. के.पी. रावेरकर; अधिष्ठाता, प्रौद्योगिक महाविद्यालय, डा. अलकनंदा अशोक; निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण, श्री कर्मेन्द्र सिंह, सहित सभी अधिष्ठाता एवं निदेशक उपस्थित थे। सभी छात्रावास अभिरक्षक, सहायक छात्रावास अभिरक्षक भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

कुलपति डा. तेज प्रताप द्वारा अपने संबोधन में सफाई कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें वास्तविक कोरोना योद्धा बताया गया। उनके द्वारा सफाई कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रसंशा करते हुए कहा गया कि वर्तमान कोरोना परिस्थितियों में सफाई कार्य सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण एवं जोखिम भरा हुआ है ऐसी परिस्थितियों में हमारे सफाई कर्मी निरंतर अपने कार्य में लगे हुए हैं। करोना के शुरूआती समय में जब सब देशवासी लॉकडाउन में अपने घरों में सुरक्षित थे उस समय इन कर्मचारियों द्वारा विशेष साहस का प्रदर्शन करते हुए क्वारंटीन केन्द्रों की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग दिया गया, जो अत्यंत सराहनीय है। इस विषम परिस्थिति में सफाई कर्मियों द्वारा किया गया कार्य देश सेवा व मानव सेवा है तथा हमें गर्व है कि जो देश सेवा का अवसर पंतनगर विश्वविद्यालय को मिला वह सभी सफाई कर्मियों के सहयोग से पूरी जिम्मेदारी से पूर्ण कर सके। कुलपति जी द्वारा इस अवसर पर पुलिस प्रशासन को विशेष धन्यवाद दिया गया व पुलिस की सकारात्मक भूमिका के लिए पुलिस विभाग व पुलिसकर्मियों की प्रसंशा की गई। सम्मान समारोह में विशेष सहयोग करने हेतु अधिष्ठाता प्रौद्योगिक महाविद्यालय, डा. अलकनंदा अशोक, को भी धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम के दौरान श्री एस.एस. बिष्ट द्वारा अपने अनुभवों को साझा करते हुए सफाई कर्मियों के कार्यों की सराहना की गयी तथा उनका अभार व्यक्त किया गया। श्री बिष्ट ने क्वारंटीन केन्द्रों में प्राप्त हुए अपने विभिन्न अनुभवों को साझा करते हुए पंतनगर विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, डा. के.पी. रावेरकर एवं धन्यवाद प्रस्ताव डा. शोभित गुप्ता, सहायक अधिष्ठाता, छात्र कल्याण द्वारा किया गया।

कोरोना योद्धा सफाई कर्मियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते कुलपति, डा. तेज प्रताप।